तापमान

अधिकतम 33 .2 डिग्री
न्यूनतम 23 .9 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025



11 पीआर धान एवं बाजरा की खरीद शुरू न होने से किसानों में रोष





12 गन्नौर को मिलेगा नया बस स्टैंड, तीन दशक पुराना ढांचा हुआ ध्वस्त




# त्योहारी सीजन में स्पेशल ट्रेन सेवा शुरू, 28 तक लगाएगी कुल 18 फेरे

## दिल्ली-अंबाला रूट पर चल रही त्योहार स्पेशल ट्रेन, प्रवासी यात्रियों को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

त्योहारी में लोगों की भीड़ रेलवे स्टेशन पर बढ़ जाती है। जिसके कारण यात्रियों को तो परेशानी होती ही है साथ में रेलवे प्रबंधन को भी समस्या का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए त्योहार स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया है। यह ट्रेन उत्तर प्रदेश के मऊ जंक्शन से सोनीपत होते हुए अंबाला कैंट तक चलाई जा रही है। दो अक्टूबर से 28 नवंबर तक यह ट्रेन अप-डाउन रूट पर कुल 18 फेरे लगाएगी। इससे दिवाली, भैया दूज और छठ पूजा जैसे बड़े पर्वों पर अपने घर लौटने वाले प्रवासियों सहित दैनिक यात्रियों को यात्रा में राहत मिलेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन वीरवार और शुक्रवार को चलेगी। पहले दिन यह ट्रेन मऊ जंक्शन से हर वीरवार सुबह 4 बजे चलकर रात 9:12 बजे सोनीपत पहुंचेगी और यहां दो मिनट के ठहराव के बाद रात 12:30 बजे अंबाला कैंट पहुंचेगी।

### इंटरलॉकिंग के लिए 1.05 करोड़ स्वीकृत

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि अगले दिन शुक्रवार को ट्रेन संख्या 05302 रात 1:40 बजे अंबाला कैंट से रवाना होकर तड़के 3:40 बजे सोनीपत पहुंचेगी और दो मिनट के ठहराव के बाद सुबह 8:28 बजे मऊ जंक्शन पहुंचेगी। शुक्रवार को यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से 4:32 घंटे की देरी से सोनीपत पहुंची। इस प्रकार से 28 अक्टूबर तक कुल मिलकर स्पेशल त्यौहारी ट्रेन चलने से त्यौहारों में आवागमन करने वाले यात्री खुश हैं।



सोनीपत रेलवे स्टेशन

◆ स्ट्रीट लाइट के लिए ढाई करोड़ व सीवर लाइन दबाने लिए भी बैठक में करोड़ों के बजट पर लगी मोहर

### 16 स्टेशन पर ठहराव

त्योहार स्पेशल ट्रेन में एसी, स्लीपर और सामान्य डिब्बों की व्यवस्था की गई है। मार्ग में सोनीपत समेत कुल 16 स्टेशनों पर दो-दो मिनट का ठहराव होगा। इस ट्रेन से न केवल प्रवासी यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलने में आसानी होगी, बल्कि अन्य ट्रेनों में भीड़ का दबाव भी कम होगा। रेलवे की इस पहल से दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में कार्यरत हजारों प्रवासी अपने परिवारों के साथ पर्व मना सकेंगे। त्योहार स्पेशल ट्रेन चलने से टिकट की परेशानी काफी हद तक कम हो गई है व उन्हें अब आराम से घर लौटने का अवसर मिलेगा।

### भीड़ से बचने को निर्णय

हर साल त्योहारों के समय ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ देखी जाती है। इसे देखते हुए विशेष ट्रेन शुरू की गई है। रेलवे का प्रयास है कि अधिक से अधिक यात्रियों को समय पर, सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध हो सके, इसके लिए विशेष ट्रेन का परिचालन शुरू किया गया है। यह ट्रेन 28 नवंबर तक 18 फेरे लगाएगी।

*-हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे।*

## खबर संक्षेप

### कामी रोड पर सड़क हादसा, युवती गंभीर

**सोनीपत।** शहर के कमी रोड पर शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में मीनू नाम की युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा अचानक हुए टक्कर के कारण हुआ। राहगीरों ने तुरंत मौके पर मौजूद रहकर घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति नाजुक देखते हुए उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। हादसा कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर अचानक आए वाहन के कारण युवती को गंभीर चोटें आईं।

### गोहाना रोड बाईपास पर घायल मिला युवक

**सोनीपत।** गोहाना रोड बाइपास पर शुक्रवार देर शाम एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घायल अवस्था में मिला। राहगीरों ने युवक को सड़क किनारे पड़े देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू कर दिया। फिलहाल युवक का उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार युवक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। घायल गंभीर चोटों के कारण बयान देने की स्थिति में नहीं है। फिलहाल पुलिस आस-पास के थाना क्षेत्रों और लापता व्यक्तियों की सूचनाओं को खंगाल रही है।

## नगर निगम के दिखे दो रूप, हंगामे के साथ विकास की सौगात

# पार्षदों ने बिजली व्यवस्था और राशन वितरण पर घेरे अधिकारी

वित्त कमेटी ने दी 16.12 करोड़ के विकास की सौगात, ढाई करोड़ से जगमगाएगा सोनीपत विधायक और मेयर की मौजूदगी में हंगामेदार रही हाउस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम की हाउस की बैठक में शुक्रवार को पार्षदों ने शहर की जनसमस्याओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। बैठक में सबसे बड़ा मुद्दा बिजली व्यवस्था रहा। पार्षदों ने खंभों पर अव्यवस्थित मीटर, लटकते तार और सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मरों पर सवाल उठाए और कहा कि इन कारणों से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। अगस्त में बारिश के दौरान मिशन चौक के पास दो लोगों की करंट से मौत भी हुई। बैठक में पार्षदों ने बिजली और राशन के अलावा सफाई व्यवस्था, गलियों व सड़कों के निर्माण और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दे भी उठाए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि समस्याओं का समाधान चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

सेक्टर-23 स्थित सामुदायिक केंद्र में हुई बैठक की अध्यक्षता मेयर राजीव जैन ने की। इस मौके पर विधायक निखिल मदान, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा और डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत भी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में ही पार्षदों ने बिजली निगम को कटघरे में खड़ा कर दिया। पार्षद सुरेंद्र नैय्यर ने पुराने और जर्जर तार बदलने की मांग की, वहीं पार्षद सूर्या दहिया ने कहा कि उत्तम नगर और मोहन नगर में बिजली के खंभे तक नहीं हैं। वहां लकड़ी की बल्लियों के सहारे तार डाले गए हैं, जो हादसे को न्योता देते हैं। पार्षद अतुल जैन ने मिशन चौक पर अगस्त माह में करंट से हुई दो लोगों की मौत का मुद्दा उठाया और निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया। इस पर बिजली निगम के एसडीई प्रदीप खोखर ने व्यवस्था सुधारने के लिए छह माह का समय मांगा।



सोनीपत। बैठक में विधायक व मेयर की मौजूदगी में अपनी बात रखते पार्षद।

### जर्जर स्कूल का उठा मुद्दा

इसी बीच पार्षद इंदू वलेचा ने जंजघर के पास स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला की जर्जर हालत का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि स्कूल भवन जर्जर है और इसमें करीब 20 बच्चे पढ़ते हैं। इस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने मामले से अनभिज्ञता जताई। मेयर राजीव जैन ने सुझाव दिया कि बच्चों को मॉडल टाउन स्कूल में शिफ्ट किया जाए।

### राशन पर तीखी बहस

बैठक में सरकारी राशन वितरण को लेकर भी तीखी चर्चा हुई। पार्षद मुकेश सैनी ने डिपो धारकों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि वे महीने में केवल एक-दो दिन ही दुकान खोलते हैं, जिससे पात्र लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ता है। पार्षद पुनीत राई ने कहा कि राशन भी एक बार में पूरा नहीं दिया जाता, कभी गेहूं, कभी चीनी तो कभी तेल मिलता है। इस पर नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने खाद्य आपूर्ति विभाग के निदेशक को पत्र लिखकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## शहर में लगेंगी 2500 स्ट्रीट लाइट सीवर पर खर्च होंगे 8.81 करोड़ों

■ वित्त कमेटी की बैठक में विकास के लिए 16 .12 करोड़ स्वीकृत

सोनीपत। नगर निगम क्षेत्र में 2500 नई स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी, ताकि निगम क्षेत्र जगमग हो सके। लाइटें लगाने का यह काम 2.5 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा, शुक्रवार को प्रस्ताव मंजूर किया। निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए शुक्रवार को सेक्टर-23 स्थित सामुदायिक केंद्र में वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक हुई। जिसमें कुल 16.12 करोड़ से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। अध्यक्षता मेयर राजीव जैन व संचालन आयुक्त हर्षित कुमार ने किया। बैठक में सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत, कमेटी उपाध्यक्ष सुरेंद्र मदान व सदस्य सुरेंद्र नैय्यर भी मौजूद रहे। मेयर ने कहा कि इस कदम से शहर की सड़कों व गलियों में रोशनी की समस्या दूर होगी और आमजन को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम जल्द ही इन कार्यों के लिए टेंडर जारी करेगा और टेंडर आवंटन के तुरंत बाद काम शुरू करवा देंगे।

### दुरूस्त होंगे सीवर

बैठक में गढ़ी ब्राह्मणान गेट से दमकल कार्यालय तक सीवर लाइन दबाने के कार्य पर 99.10 लाख और दमकल कार्यालय से सेक्टर-23 के डिस्पोजल पंप तक सीवर लाइन दबाने पर 1.91 करोड़, लहराड़ा से एमपीएस ककरोई रोड तक सीवर लाइन दबाने पर 2.49 करोड़ व राठधना डिस्पोजल पंप से राठधना सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तक सीवर लाइन बदलने व मरम्मत पर 3.42 करोड़ स्वीकृत किए हैं।

### ढांचा होगा मजबूत

इस बजट से विकास कार्य कर शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे और आम जनता को सुविधाएं मिलेंगी। स्वीकृत प्रस्तावों पर जल्द कार्य शुरू होगा, ताकि लोगों को लंबे समय से चली आ रही सीवर व सड़कों की समस्याओं से राहत मिल सके। निगम का प्रयास है कि शहर का हर क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से जुड़ा रहे।

*-राजीव जैन, मेयर, नगर निगम सोनीपत*




## 138.12 करोड़ से बनने वाले मातृ एवं शिशु देखभाल ब्लॉक का शिलान्यास

■ गृह मंत्री ने अमित शाह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से दी बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में एक नई सौगात मिलने जा रही है। शुक्रवार को देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रोहतक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नागरिक अस्पताल सोनीपत में बनने वाले मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल ब्लॉक का शिलान्यास किया। इस ब्लॉक का निर्माण 138.12 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा और इसे अक्टूबर 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने गृह मंत्री का संबोधन भी सुना।

उपायुक्त सुशील सारवान ने जानकारी दी कि प्रस्तावित अस्पताल ब्लॉक में 100 बैड की व्यवस्था होगी। यहां नवजात गहन चिकित्सा कक्ष (एनआईसीयू), प्रसूति आईसीयू, प्रसूति कक्ष, प्रसव रिकवरी कक्ष, जच्चा-बच्चा वार्ड, बच्चों की नर्सरी, डीआईपीएचएल प्रयोगशाला और तीन ऑपरेशन थिएटर जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भवन आठ मंजिला होगा और भूमिगत तल सहित कुल पांच लिफ्ट का प्रावधान रहेगा। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग, हरियाणा को सौंपी गई है। इस अवसर पर सीटीएम डा. अनमोल, डीसीएमओ डा. गिनी लांबा, डा. अनिता, डा. योगेश गोयल इत्यादि मौजूद रहे।

### महिलाओं व बच्चों के लिए बनेगा वरदान: विधायक

विधायक निखिल मदान ने कहा कि भाजपा सरकार की तीसरी बार की प्राथमिकता प्रदेशवासियों की सभी मांगों को पूरा करना है। सोनीपत में बनने वाला मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल ब्लॉक महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए वरदान साबित होगा। इसके बनने से अब मरीजों को अन्य अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और नागरिक अस्पताल में ही आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। सरकार गुणवत्तापूर्ण मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के लिए लगातार ठोस प्रयास कर रही है। इसका उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को बड़ी संख्या में कम करना है।

### सीआरपीएफ जवान की हत्या के दो आरोपी मुठभेड़ के बाद काबू

**खरखौदा।** खेडी दमकन के सीआरपीएफ जवान कृष्ण की हत्या के मामले में शुक्रवार रात को क्राइम यूनिट इंचार्ज गोहाना इंस्पेक्टर अंकित नांदल के नेतृत्व में मुठभेड़ के बाद दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। सीआरपीएफ जवान कृष्ण 22 जुलाई को हरिद्वार कावड़ लेने के लिए गया था। कावड़ यात्रा के दौरान गांव के ही कुछ युवकों ने रात करीब 1 बजे कृष्ण को घर से बाहर बुलाकर गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। कृष्ण के पिता बलवान ने गांव के निशांत, अजय व आनंद पर हत्या के आरोप लगाया था। शुक्रवार को अजय और निशांत को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। खरखौदा के छिनौली मार्ग पर दोनों युवक पैदल जा रहे थे ।सीआईए गोहाना को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने तत्परता से मौके पर पहुंची तो दोनों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पांवों में गोली लगने से दोनों घायल हो गए तथा पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर अस्पताल ले गई। जहां उन्हें प्राथमिक चिकित्सा देकर पीजीआई खानपुर रेफर किया गया।

*गोहाना और केएमपी पर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान*

## पुलिस ने हाइवे से ढाबे और टी स्टॉल हटाए नप और पुलिस की टीम बाजारों में उतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत पुलिस ने शुक्रवार को केएमपी टोल प्लाजा के नजदीक अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान चलाया। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह की अगुवाई में चली इस कार्रवाई में हाईवे किनारे लगे अवैध टी स्टॉल, ढाबे, रेहड़ी व खोखे हटवाए गए और कब्जे में लिया गया सामान जब्त किया गया। हाईवे पर लंबे समय से अवैध ढाबों और चाय स्टॉल्स के कारण यातायात जाम की स्थिति बनती थी। ट्रकों और अन्य वाहनों के अचानक रुकने से दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहती थी। स्थानीय लोग और यात्री इस समस्या से परेशान थे। कार्रवाई के बाद हाइवे पर यातायात सुचारू होने से लोगों ने राहत की सांस ली।



अभियान के दौरान पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में अवैध ढाबा खोलने, रेहड़ी या खोखा लगाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों को प्रभावित करने की कार्रवाई बर्दाश्त नहीं होगी। इससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है।

### अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप

**गोहाना।** दीपावली पर्व को लेकर पुलिस ने शुक्रवार को शहर के नप के सहयोग से मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटवाने के लिए विशेष अभियान चलाया। सहायक पुलिस आयुक्त राहुल देव के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में पुलिस ने सडक पर लगी हुई रेहड़ियों व अवैध सामान को हटवाकर रास्ता खुलवाया। पुलिस व नप की कार्रवाई से दुकानदारों, रेहड़ी व फड़ी लगाने वालों में हडकंप मच गया। कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपने सामान को समेटना शुरू कर दिया। दुकानों के बाहर रखे सामान को नगर परिषद की मदद से जब्त किया गया तथा सडक किनारे लगी रेहड़ियों को हटाया गया।

**दोबारा अतिक्रमण किया तो कार्रवाई**

सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार ऐसे विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। यदि दोबारा से अतिक्रमण किया तो नियमानुसार कानूनी कार्रवाई होगी।

## फर्जी आईडी बनाकर ठगने वाले गिरोह के 4 आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर आमजन से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह में शामिल दो लड़कियों समेत चार आरोपितो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान तनवीर निवासी गांव नया बांस सांपला जिला रोहतक, दीपक निवासी कर्म विहार नई दिल्ली और दिल्ली निवासी दो लड़कियों के रूप में हुई है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। गिरोह अलग-अलग एप व लाइव चेट के जरिए लाइव स्ट्रीमिंग एप्लिकेशन पर फर्जी आईडी बनाकर अलग-अलग तरह की वीडियो कॉलिंग करते थे।

### दो लड़के-लड़कियां मिली

दो अक्टूबर को कुंडली टीडीआई की ग्रुव सोसायटी के फ्लैट नंबर 30 में युवक-युवतियां ऑनलाइन ठगी का काम कर रहे है। सूचना पर थाना कुंडली, क्राइम यूनिट और साइबर क्राइम टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारा। फ्लैट से दो लड़के और दो लड़कियां मोबाइल फोन पर आपत्तिजनक गतिविधियों में लिप्त मिले। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से आठ मोबाइल फोन बरामद किए गए। तनवीर ने कबूल किया कि वह और उसका साथी दीपक लड़कियों के साथ पार्टनरशिप में काम करते है। ग्राहकों से रुपये लेकर उन्हें कॉइन में बदलवाते व ठगी से कमाई का बंटवारा करते थे। काम करने वाली लड़कियों को प्रोत्साहन राशि दी जाता था। उनसे मोबाइल से आपत्तिजनक सामग्री व ऐप बरामद हुई है। थाना कुंडली प्रभारी सेठी मालिक ने बताया कि सभी आरोपितों को कोर्ट ने जेल भेज दिया।

## डाकघरों में रजिस्ट्री सेवा बंद, आम आदमी की जेब पर पड़ा अब डबल से ज्यादा बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

केंद्र सरकार द्वारा डाकघरों में रजिस्ट्री सेवा बंद किए जाने के फैसले से आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ गया है। अब लोगों को रजिस्ट्री की जगह स्पीड पोस्ट करानी होगी, साथ ही सरकारी कार्यालयों में कार्यरत बाबुओं को भी इससे परेशानी झेलनी पड़ रही है। पूर्व में रजिस्ट्री का शुल्क मात्र 26 रुपये था, जोकि आम आदमी के लिए सस्ता और किफायती विकल्प था। लेकिन 1 अक्टूबर से रजिस्ट्री सेवा बंद कर दी गई है और उसकी जगह स्पीड पोस्ट का विकल्प ही उपलब्ध है। स्पीड पोस्ट का न्यूनतम शुल्क 55 रुपये निर्धारित किया गया है, जो रजिस्ट्री के मुकाबले डबल से भी ज्यादा है।

■ 26 रुपये की रजिस्ट्री की जगह होगा अब 55 की स्पीड पोस्ट

खास बात यह है कि लोगों से 55 रुपये वसूले जा रहे हैं लेकिन रसीद 47 रुपये की ही दी जा रही है। डाकघर कर्मचारी इसे 8 रुपये जीएसटी बता रहे हैं। गन्नौर डाकघर पहुंचे सतबीर, सुनील और राजबीर ने बताया कि पहले रजिस्ट्री मात्र 26 रुपये में हो जाती थी, लेकिन अब उसी कार्य के लिए उनसे 55 रुपये वसूले जा रहे हैं। उनका कहना है कि गये तो डबल से भी ज्यादा बोझ है, ऊपर से रसीद भी पूरी रकम की नहीं दी जा रही। जनता से सीधा लूट जैसा है। फिलहाल डाकघर के नए नियम से हर वर्ग परेशान है। लोग चाहते हैं कि सरकार जल्द से जल्द पारदर्शी समाधान लेकर आए।

### रजिस्ट्री सेवा बंद करने के आदेश : पोस्ट मास्टर

जब इस बारे पोस्टमास्टर आनंद से बात की उन्होंने बताया सरकार से उनके पास आदेश है कि 1 अक्टूबर से रजिस्ट्री सेवा पूरी तरह से बंद कर दी गई है और अब केवल स्पीड पोस्ट ही की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्पीड पोस्ट का खर्च 47 और आठ रुपये टेक्स है ग्राहक से 55 रुपये ही लिए जा रहे जो सरकार की हिदायत है लेकिन अभी साफ्टवेयर अपलोड न होने के कारण 47 रुपये की ही रसीद निकल रही है टैक्स नही दिखाया जा रहा। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान कर दिया जाएंगा।

## जिले में 66 पहुंची डेंगू मरीजों की संख्या, स्वास्थ्य विभाग की 164 टीमें कर रही है जांच

# टायरों में मिला लारवा, रोडवेज जीएम को नोटिस

■ बस स्टैंड पर बड़ी लापरवाही टायरों में पल रहा था लारवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। अब तक डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या 66 तक पहुंच चुकी है। बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट मोड में कार्यवाही तेज कर दी है। इसी क्रम में विभागीय टीम ने लारवा जांच अभियान के दौरान शहर के बस स्टैंड का निरीक्षण किया। जांच के दौरान रोडवेज कर्मचारियों की गंभीर लापरवाही सामने आई। बस स्टैंड पर पड़े पुराने टायरों में पानी जमा था, जिसमें डेंगू मच्छर का लारवा पनपता मिला।





स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर ही टायरों से पानी निकलवाकर लारवा नष्ट करवाया और रोडवेज प्रबंधन को कड़ी चेतावनी दी। जिला डेंगू व मलेरिया नोडल अधिकारी डा. आशा सहरावत ने बताया कि रोडवेज सोनीपत डिपो के महाप्रबंधक को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि भविष्य में दोबारा इस तरह की लापरवाही सामने आई तो विभागीय कार्यवाही की जाएगी। डा. सहरावत ने कहा कि डेंगू पर नियंत्रण तभी संभव है जब आमजन स्वयं सतर्कता बरतें।

लोग घरों में या आसपास पानी को जमा न होने दें। कूलर, गमले, कबाड़ और टायरों में रुका पानी डेंगू मच्छरों के लारवा के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। समय रहते पानी नहीं हटाया गया तो संक्रमण का खतरा तेजी से बढ़ सकता है।

### जनसहयोग से ही नियंत्रण संभव

वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग की 164 टीमें घर-घर जाकर लोगों को डेंगू और मलेरिया से बचाव के उपाय बता रही है। विभाग की ओर से बार-बार चेतावनी दी जा रही है कि हल्का बुखार, सिर दर्द, बदन दर्द या आंखों के पीछे दर्द होने पर तुरंत जांच कराएं और चिकित्सक की सलाह लें। उन्होंने कहा कि विभाग लगातार प्रयास कर रहा है, जनता के सहयोग के बिना इस बीमारी पर नियंत्रण संभव नहीं है।

*-डॉ. आशा सहरावत जिला नोडल अधिकारी।*


तोते और मॉकिंगबर्ड जैसे पक्षी इंसानों की बातों या अन्य आवाजों की नकल कर सकते हैं।


हमिंगबर्ड एकमात्र ऐसा पक्षी है जो पीछे की ओर उड़ सकता है।

# ग्राफिक डिजाइनर बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने की बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## क्या है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## क्या चाहिए योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ऐसे बन सकते हैं ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निम्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेंशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं :

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

## बैचलर ऑफ साइंस तीन साल की एक स्नातक डिग्री


# बीएससी के बाद सरकारी के साथ निजी क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं

**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## छात्रों को विज्ञान विषयों की जानकारी देना उद्देश्य

बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विज्ञान विषयों की गहन जानकारी देना, उन्हें विश्लेषणात्मक एवं तार्किक दृष्टिकोण से सक्षम बनाना है। इस पाठ्यक्रम में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, पर्यावरण विज्ञान, सांख्यिकी जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। बीएससी के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र में करियर संवारने की अपार संभावनाएं हैं। यह डिग्री करने के बाद छात्र अपने भविष्य को खूब चमका सकते हैं। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यंत महत्व है, जैसे भौतिकी इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान औषधि, उद्योग, जीव विज्ञान, स्वास्थ्य, कृषि क्षेत्र, गणित, कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस और आईटी क्षेत्र में उपयोग किए जाते हैं। वहीं बीएससी (ऑनर्स) में छात्रों को किसी एक विशेष विषय में गहन अध्ययन और विशेषज्ञता प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें शोध, शिक्षण और व्यावसायिक क्षेत्र में बेहतर अवसर मिलते हैं। बीएससी और बीएससी (ऑनर्स) के अंतर्गत कई विषयों में विशेषज्ञता उपलब्ध हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि छात्र बीएससी करने के बाद कैसे अपना भविष्य संवार सकते हैं।



### काउंसलर से लें सलाह

बी.एससी. केवल एक डिग्री नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक कौशल और वैश्विक अवसरों का अद्वितीय संगम है। यदि छात्र अपने विषय को गंभीरता से समझें, आवश्यक स्किल्स विकसित करें और सही करियर पथ चुनें, तो वे निजी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा, सरकारी क्षेत्र की स्थिरता और उच्च शिक्षा की प्रतिष्ठा, तीनों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**सुझावः** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

### बी.एससी. डिग्रीधारी निम्नलिखित सामान्य प्रोफाइल में भी नौकरी पा सकते हैं (भले ही उनका स्पेशलाइजेशन कोई भी हो)

- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- ग्राहक सेवा कार्यकारी
- मानव संसाधन सहायक
- प्रशासनिक सहायक
- बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- शिक्षा व ट्यूटोरियल सेवाओं में विषय विशेषज्ञ

### गणित व सांख्यिकी आधारित भूमिकाएं

- एक्चुअरियल असिस्टेंट
- बैंकिंग डाटा प्रोसेसिंग अधिकारी
- रिस्क एनालिस्ट

### वास्तविक जीवन में ऐसे अनुप्रयोग

- भौतिकी (फिजिक्स) – तकनीकी आविष्कार, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा उत्पादन और अंतरिक्ष अनुसंधान में उपयोगी।
- रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) – दवा निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण उद्योग में आवश्यक।
- गणित (मैथमेटिक्स) – आंकड़ा विश्लेषण, वित्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शोध क्षेत्रों में अहम भूमिका।
- जीवविज्ञान (बायोलॉजी) – स्वास्थ्य, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि और चिकित्सा अनुसंधान में योगदान।
- वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) – औषधीय पौधों, कृषि विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण में उपयोगी।
- प्राणी विज्ञान (जूलॉजी) – पशु विज्ञान, वन्यजीव संरक्षण और अनुसंधान क्षेत्रों में महत्वपूर्ण।
- कंप्यूटर विज्ञान – सॉफ्टवेयर विकास, साइबर सुरक्षा, आंकड़ा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का आधार।
- जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) – आनुवंशिक अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य, नैदानिक शोध और कृषि में क्रांति।
- पर्यावरण विज्ञान – जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास में अहम योगदान।

*(नोट : इन विषयों के अध्ययन से छात्रों को न केवल वैज्ञानिक ज्ञान मिलता है, बल्कि वे समाज, उद्योग और तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।)*

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

बीएससी की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन केवल डिग्री पर्याप्त नहीं होती। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में छात्रों को व्यावहारिक और तकनीकी कौशल भी विकसित करने होते हैं। ऐसे कई कौशल हैं जो छात्रों के करियर को मजबूती प्रदान करते हैं। इनमें ये कुछ प्रमुख हैं।

- समस्या समाधान और विश्लेषणात्मक क्षमता
- कंप्यूटर एवं डिजिटल दक्षता (प्रोग्रामिंग, डाटा एनालिसिस)
- लैब स्किल्स और रिसर्च मेथडोलॉजी
- संचार एवं प्रस्तुतीकरण कौशल
- टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता
- समय प्रबंधन और कार्य अनुशासन

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी स्नातक निजी क्षेत्र में असीमित अवसरों और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी करियर संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। आधुनिक उद्योग जगत को अनुसंधान,आधारित, तकनीकी दक्ष और नवाचारशील युवाओं की आवश्यकता है, जहां बी.एससी. डिग्रीधारी अपनी प्रतिभा से अग्रणी स्थान बना सकते हैं। निम्नलिखित नौकरी प्रोफाइल विशेष रूप से बीएससी विशेषज्ञताओं से संबंधित हैं।

#### विज्ञान व शोध आधारित क्षेत्र

- लैब असिस्टेंट
- रिसर्च एसोसिएट
- क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट
- फार्मास्यूटिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

**आईटी एवं कंप्यूटर साइंस**

- डाटा एनालिस्ट
- सॉफ्टवेयर टेस्टिंग असिस्टेंट
- नेटवर्क सपोर्ट असिस्टेंट
- वेब डिजाइन सहायक

#### यह हो सकता है वेतनमान (निजी क्षेत्र)

**फ्रेशर** : 2.5 लाख से 4.5 लाख प्रतिवर्ष
**अनुभवयुक्त** (5,10 वर्ष): 6 लाख से 15 लाख प्रतिवर्ष (आईटी, रिसर्च और कॉर्पोरेट सेक्टर में इससे भी अधिक)

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी पृष्ठभूमि वाले छात्र प्रशासनिक सेवाओं से लेकर तकनीकी अनुसंधान तक अनेक प्रतिष्ठित भूमिकाओं में अपना भविष्य संवार सकते हैं।

**बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र**

- एसबीआई प्रोबेशनरी ऑफिसर/क्लर्क, आईबीपीएस प्रोबेशनरी ऑफिसर/ क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट, एलआईसी असिस्टेंट/ अकाउंट ऑफिसर

**यूपीएससी एवं राज्य सेवाएं**

- आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस, राज्य लोक सेवा आयोग अधिकारी

**कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी)**

- वैज्ञानिक सहायक, प्रयोगशाला सहायक, सांख्यिकीय अन्वेषक, टैक्स असिस्टेंट

**भारतीय रेलवे**

- तकनीकी सहायक, जूनियर इंजीनियर (साइंस बैकग्राउंड)

**रक्षा सेवाएं**

- तकनीकी अधिकारी, आर्मी एजुकेशन कोर अधिकारी, वैज्ञानिक अधिकारी, लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर, एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर, टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**अन्य विभाग :** डाक विभागः पोस्टल असिस्टेंट, सॉर्टिंग असिस्टेंट, स्वास्थ्य विभागः लैब तकनीशियन, अनुसंधान सहायक

**आय सीमा (सरकारी क्षेत्र)**

**फ्रेशरः** 3 लाख से 6 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पे लेवल 4–6 की सरकारी नौकरियों में)
**अनुभवयुक्त/वरिष्ठ पदः** 8 लाख से 18 लाख रुपये प्रतिवर्ष **(यूपीएससी व राज्य सेवाओं में और भी अधिक)**

**उच्च अध्ययन के विकल्प**

बीएससी के बाद छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी विशेषज्ञता को और गहराई दे सकते हैं। उच्च शिक्षा न केवल करियर को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करती है, बल्कि शोध और नवाचार की दुनिया में प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

**निम्नलिखित प्रमुख पाठ्यक्रम विकल्प उपलब्ध हैं।**

**पाठ्यक्रम विवरण** : -
एम.एससी. चुने गए विषय में उच्च अध्ययन व शोध के लिए

- एम.सी.ए. कंप्यूटर एप्लीकेशन और आईटी क्षेत्र के लिए
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व पदों के लिए
- बी.एड. शिक्षा व अध्यापन के क्षेत्र में करियर हेतु
- पीएच.डी. अनुसंधान और विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यापन हेतु
- एम.टेक. (साइंस बेस्ड शाखाओं में) विशेष तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता हेतु

# सोशल मीडिया केवल मनोरंजन नहीं सीखने और आगे बढ़ने का भी माध्यम



मोटिवेशनल
**डॉ. दिव्या तंवर**

सोशल मीडिया आज हमारी ज़िंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह केवल मनोरंजन या संवाद का जरिया नहीं है, बल्कि सीखने, बढ़ने और खुद को नया स्वरूप देने का भी प्रभावशाली माध्यम है। लेकिन अक्सर यही सोशल मीडिया तनाव, चिंता और आत्म-संदेह का बड़ा कारण भी बन जाता है। जरूरत है कि हम इसे सही दृष्टिकोण और सकारात्मक दृष्टि से देखें ताकि यह हमारे लिए सीखने का साधन बने, न कि तनाव का कारण।

**सोशल मीडिया : अवसरों का विश्व**

सोशल मीडिया हमें दुनिया भर की जानकारी देने का सबसे तेज़ और सुलभ माध्यम है। यहां आपको नई तकनीकों, विज्ञान, कला, साहित्य और जीवन कौशल के असीम अवसर मिलते हैं।

### गलत इस्तेमाल करने से बढ़ रहा तनाव

सोशल मीडिया से हजारों विषयों पर विशेषज्ञों, शिक्षकों और प्रेरक वक्ताओं की सामग्री आसानी से देखी और समझी जा सकती है। छात्र हो या पेशेवर, हर व्यक्ति सही सामग्री का चयन करके अपने ज्ञान को कई गुना बढ़ा सकता है। सोशल मीडिया पर एक सकारात्मक नजरिए से चुनी गई सामग्री पढ़ना और सुनना आपके लिए किसी मुफ्त डिजिटल विश्वविद्यालय से कम नहीं है।

**तनाव क्यों बनता है सोशल मीडिया** : सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करते समय हम अक्सर दूसरों की ज़िंदगी से अपनी तुलना करने लगते हैं।

- हर पल पोस्ट की जाने वाली परफेक्ट तस्वीरें हमें यह गलतफहमी देती हैं कि बाकी सबकी ज़िंदगी हमसे बेहतर है।
- बेवजह स्क्रॉलिंग समय की बर्बादी भी करती है, और जब हम काम पूरे नहीं कर पाते तो तनाव और अपराधबोध बढ़ जाता है।
- लगातार लाइक्स और कमेंट्स की गिनती करना आत्म-सम्मान को दूसरों की राय से जोड़ देता है।

सोशल मीडिया अपने मूल रूप में तो जानकारी और अवसरों से भरा हुआ है, लेकिन इसके गलत उपयोग या असंतुलित प्रयोग से यह हमारे लिए चिंता और मानसिक दबाव का कारण बन सकता है।

**कारणों की व्याख्या** : तुलना की आदतः लोग दूसरों की "परफेक्ट" ज़िंदगी देखकर अपनी वास्तविक ज़िंदगी से तुलना करते हैं। यह हीनभावना और चिंता पैदा करता है।

**मान्यता की तलाशः** पोस्ट पर मिले लाइक्स और कमेंट्स से आत्म-सम्मान को जोड़ लेना मानसिक दबाव बढ़ा देता है।

**समय की बर्बादीः** जरूरत से ज़्यादा स्क्रॉलिंग करने से पढ़ाई, काम या व्यक्तिगत ज़िम्मेदारियां अधूरी रह जाती हैं, जिससे तनाव होता है।

**सूचना का बोझः** बहुत अधिक और कभी-कभी नकारात्मक या विरोधाभासी जानकारी मानसिक रूप से भारी लगने लगती है।

इसलिए, भले ही सोशल मीडिया ज्ञान और अवसरों का ₹सागर₹ है, उसका गलत या असंतुलित इस्तेमाल हमें मानसीक शांति और आत्म-संतुलन से दूर कर देता है। सोशल मीडिया को सीखने का साधन बनाने के लिए हमें सजगता और आत्म-नियंत्रण की आदत डालनी होगी। रोज़ानास्क्रॉलिंग या देखने के लिए निश्चित समय तय करें। केवल उन अकाउंट्स को फॉलो करें जो आपकी सोच को सकारात्मक और ज्ञानवर्धक दिशा में ले जाएं।

### सोशल मीडिया एक दर्पण है

- तुलना करने के बजाय दूसरों की उपलब्धियों को प्रेरणा मानें।
- कोई नई भाषा, कला, तकनीक या जीवन कौशल सीखने के लिए सोशल मीडिया पर बने प्रामाणिक चैनल और पेज चुनें।

**जीवन में सकारात्मक बदलाव**

अगर हम सही तरीके से इसका उपयोग करें तो सोशल मीडिया हमें आत्म-विकास की राह दिखा सकता है। यह हमें विविध संस्कृतियों, नई जीवनशैलियों और अनगिनत विचारों से परिचित कराता है। प्रेरणादायी कहानियां और सफलता के अनुभव हमारे लिए प्रोत्साहन का कार्य करते हैं। यह नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर भी देता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर विकास दोनों में लाभकारी हैं। सोशल मीडिया एक दर्पण है, उसमें वही झलकता है जिस पर हम अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। अगर हम इसे केवल मनोरंजन और तुलना का मंच बनाएंगे तो तनाव और असंतोष ही मिलेगा। लेकिन अगर हम इसे सीखने और आत्म-विकास का मंच बनाएँगे तो यह हमारे स्वप्नों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**आइए, सोशल मीडिया को ज्ञान का साधन बनाएं, तनाव का कारण नहीं।**

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उत्तरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

**खबर संक्षेप**

### आर्य समाज मंदिर के वार्षिकोत्सव पर कार्यक्रम

**गन्नौर।** आर्य समाज मंदिर गन्नौर शहर के 68वें वार्षिकोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रताप चंद भूटानी ने की। जबकि अलीगढ़ से आमंत्रित डा. मनु आर्या ने ब्रह्मत्व संभाला। यज्ञोपरांत अंबाला से आई संगीतरत्ना श्वेता शर्मा ने प्रभु भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। सत्य किरण दीवान व संतोष जी आर्य ने भी भजन प्रस्तुत किए। डा. मनु आर्या ने वेदमंत्रों के साथ जीवन में सुकर्मों के महत्व पर प्रकाश डाला।

### एकादशी का व्रत बहुत फलदाई : गोस्वामी

**खरखौदा।** शहर के दिल्ली मार्ग स्थित लाला जय नारायण धर्मशाला में श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन की कथा में श्रद्धालुओं को कथावाचक विष्णु गोस्वामी महाराज ने कार्तिक मास की महिमा सुनाई और बताया कि कार्तिक मास में भगवान विष्णु के मंदिर में दीपदान करने से करोड़ों जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। जो व्यक्ति एकादशी का व्रत करता है, उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं, जबकि जो इसे नहीं करता, उसे ब्रह्महत्या के समान पाप लगता है। भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया।

### प्रांतीय स्तर पर प्रश्न मंच में दिखाई प्रखर प्रतिभा

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर गोहाना के विद्यार्थियों ने प्रांतीय स्तर पर सांस्कृतिक महोत्सव में प्रांतीय स्तर पर प्रश्न मंच में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रांतीय कार्यक्रम विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में सम्पन्न हुआ। प्रश्न मंच तरुण वर्ग में दीपांशु ऐंजल व लक्ष्य तथा बाल वर्ग में वंश, वंशिका व कनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग में अर्चित ,तेजस और लवकुश तृतीय स्थान पर रहे। शिशु वर्ग कथा-कथन में कीरत ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### प्रबंधन संस्थान का 6वां दीक्षांत समारोह सात को

**राई।** राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान का 6वां दीक्षांत समारोह 7 अक्टूबर संस्थान के परिसर में धूमधाम से मनाया जाएगा। संस्थान के सहायक प्रोफेसर अरूण ने बताया कि समारोह में मुख्यातिथि केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान, राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं रेल मंत्रालय रवनीत सिंह, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो.अजय कुमार सूद होंगे। कुलपति प्रो. वी. रामगोपाल राव, अशोक चौधरी, देवेश देवल, डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय, निदेशक शिरकत करेंगे।

### मांगें पूरी न होने पर 13 से धरने का ऐलान

**सोनीपत।** हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन, हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच और हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच 13 को पंचकूला स्थित एचएसवीपी मुख्यालय सेक्टर-6 गेट पर दोपहर 12 बजे से सामूहिक धरना व प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारियों की ओर से मांगों का ज्ञापन मुख्य प्रशासक एचएसवीपी को सौंपा जाएगा। वहीं 14 अक्टूबर की सुबह 8 बजे कर्मचारी चंडीगढ़ सेक्टर-3 में मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे।

*प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को सौंपा मांगपत्र*

# पीआर धान और बाजरा की खरीद प्रारंभ नहीं होने से धरतीपुत्रों में रोष

*मंडी में पीआर धान की खरीद के लिए मिलर्स अलॉट नहीं*

**बड़ा थाना गांव के पटवारी का व्यवहार ठीक न होने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर का प्रतिनिधिण्डल एसडीएम डॉ निर्मल नागर से मिला। इस प्रतिनिधिण्डल का नेतृत्व ब्लॉक प्रधान शक्ति दहिया, बारहा प्रधान अतर सिंह दहिया व जिला प्रधान बेदी दहिया ने किया। किसान नेता शक्ति दहिया ने कहा कि अब तक खरखौदा अनाज मंडी में पीआर धान एवम बाजरा की खरीद शुरू नहीं हुई है। जिसकी वजह से किसानों में भारी रोष है। मंडी में पीआर धान की खरीद के लिए मिलर्स अलॉट नहीं किये गए हैं। जिस से खरीद में समस्या आ रही है। एसडीएम डॉ निर्मल नागर ने कहा कि उन्होंने उच्च अधिकारियों से इस मामले में बात की है। सोमवार तक सभी समस्याओं का समाधान करके खरीद को सुचारू रूप से चलाया जाएगा। किसान नेता कैप्टन बिजेंद्र दहिया ने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किसानों द्वारा कराए गए रजिस्ट्रेशन को अब तक वेरीफाई नहीं किया गया है। जिस से गेट पास लेने में किसानों को समस्याएं आ रही हैं। किसान नेता बेदी दहिया ने कहा कि कई गाँवों में रीडिंग लिए बिना ही बिजली के बिल भेजे गए हैं जो सामान्य से बहुत ज्यादा हैं और 60 दिन की बजाय 79 दिन के बिल भेजे गए हैं। बिजली के इन बिलों को दुरुस्त कराया जाए। बारहा के प्रधान अत्तर सिंह दहिया ने कहा कि बड़ा थाना गाँव के पटवारी हरिओम का व्यवहार किसानों के साथ ठीक नहीं है और किसानों से रिश्वत भी मांग की जाती है। एसडीएम ने कहा कि उस पटवारी की पहले भी शिकायते आ चुकी हैं और मौके पर ही उसकी जांच के आदेश दिए हैं।


खरखौदा। एसडीएम डॉ निर्मल नागर को ज्ञापन सौंपते किसान नेता।

**ये रहे मौजूद**

किसान नेता देशपाल दहिया ने कहा कि पराली की व्यवस्था करने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एवम सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार किसानों को बेलर, चॉपर, सुपर सीडर सहित अन्य मशीनें उपलब्ध कराई जाएं व धान पर बोनस दिया जाए। मुख्य तौर पर इंदरजीत राणा, जोगिंद्र खांडा, राज सिंह हलालपुर, चुन्नी हलालपुर, बिजेंद्र मटिण्डू, देशपाल रोहणा, रामनिवास दहिया, धर्मवीर खांडा, जगदीश दहिया, मनोज कुमार, बिजेंद्र सिंह, नरेंद्र दहिया, बुधराम सिंह, अजय छिनौली आदि उपस्थित रहे।


खरखौदा। प्रदर्शन के दौरान उपस्थित वर्कर को संबोधित करते आनंद शर्मा।

## मिड-डे मील वर्कर्स ने दिया धरना, जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सीटू से संबंधित मिड डे मील वर्कर्स यूनियन जिला सोनीपत ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर डीईईओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। धरने की अध्यक्षता यूनियन की प्रधान सुनीता ने की, जबकि संचालन सचिव रेखा ने किया। ज्ञापन देते समय सीटू नेता आनंद शर्मा, राज्य सचिव सुनीता, यूनियन की प्रधान सुनीता, सचिव रेखा, कोषाध्यक्ष सुमन, जनवादी महिला समिति की नेता शीला और अध्यापक संघ के नेता दिनेश छिक्कारा ने डीईईओ से सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत की। इस दौरान समय पर वेतन, वर्दी भत्ता और लंबित बजट जारी करने की मांग उठाई गई। वर्कर्स ने आरोप लगाया कि कई महीनों से मानदेय नहीं दिया जा रहा और वर्दी का पैसा भी स्कूलों में नहीं मिल रहा।


सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते बागड़ी समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

## बागड़ी लोहार समाज ने किया विरोध प्रदर्शन

- अपनी मांगें रखते हुए न्यायपूर्ण व्यवहार की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बागड़ी लोहार समाज के लोग शुक्रवार को आप के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवेंद्र गौतम के नेतृत्व में नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन देने पहुंचे। प्रारंभ में वे निगम दफ्तर गए, लेकिन हाउस मीटिंग सेक्टर-23 स्थित कम्युनिटी सेंटर में होने की सूचना मिलने पर पूरा जत्था वहीं पहुंच गया। कम्युनिटी सेंटर के मुख्य द्वार पर लोगों ने शांतिपूर्ण धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार या प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी नहीं की बल्कि कहा कि वे केवल अपने हक की मांग कर रहे हैं। लोहार समाज ने तीन स्पष्ट बातें रखीं – पहला उनका जमीन पर कोई अवैध कब्जा नहीं है, दूसरा वे स्वेच्छा से वहाँ से हटने को तैयार हैं, तीसरा प्रशासन रिहैबिलिटेशन एक्ट 2013 के अनुसार पुनर्वास की व्यवस्था करे। देवेंद्र गौतम ने कहा कि सड़क किनारे रहना मजबूरी है।

**ये रहे मौजूद**

योगेश पाल, शेर मुहम्मद, विकास, आमीन, मंगेराम, उर्मिला, श्याम, दलवा, चरण, सविता, जगार, सुनीता, मन्तर, गीता, सुशील, कमिनी, सुरेन्द्र, सीता, मनोज, सुमन, प्रेम, नीना, पप्पू उर्फ बागड़ी, ओमवती, सुरेश, शीला, बलराम, कविता, रणबीर, बॉबी, महेन्द्र, राखी, रोहताश, अनिता, अजय, हिना, जीत, शीतल, जशन उर्फ कमलेश, रविन्द्र, शकुन, सुनील, अनिता, योगेश, ममता, सत्ते उर्फ सुनीता, दीपक, गायत्री, सुनील, अनिता, लालू, काजल, सुरेश, आरती, महेन्द्र, सुमन आदि मौजूद रहे।

**25 वर्षों से सोनीपत के वासी**

क्या कोई अपने बच्चों को खतरे में डालकर इस तरह रहना चाहेगा? कहा कि ये लोग न विदेशी हैं न अपराधी, सभी के पास आधार व राशन कार्ड सहित पहचान पत्र हैं और वे 20-25 वर्षों से सोनीपत के वासी हैं। फिर भी प्रशासन उन्हें बिना पुनर्वास उजाड़ना चाहता है, जो अन्याय है। गौतम ने सवाल किया – क्या गरीब होना अपराध है? क्या प्रशासन का काम केवल बुलडोजर चलाना है या इंसानियत निभाना भी? उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी गरीबों और बेबस परिवारों की आवाज बनकर खड़ी रहेगी और प्रशासन से न्यायपूर्ण व्यवहार की मांग करती रहेगी।

# तीसरे दिन भी जारी रहा ठेका सफाई कर्मचारियों का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच से संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ व सहयोग बलि सेना से जुड़े सफाई कर्मचारियों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, संचालन सहसचिव युधिष्ठिर ने किया। सफाई कर्मचारी सुबह अपनी ड्यूटी करने के बाद रेस्ट हाउस के सामने एकत्र हुए और नारेबाजी करते नगर निगम कार्यालय पहुंचे। प्रधान मुकेश टांक ने आरोप लगाया कि निगम अधिकारी बदले की भावना से काम कर रहे हैं।



- ड्यूटी के बाद रेस्ट हाउस के सामने एकत्र हो नारेबाजी की

**छंटनी की आड़ में हटाने का आरोप**

कर्मचारियों से काम करवाकर उन्हें छंटनी की आड़ में हटाया जा रहा है, जिससे सभी सफाई कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि यदि छंटनी पर रोक नहीं लगाई गई और हटाए गए कर्मचारियों को दोबारा काम पर नहीं लिया गया तो आंदोलन और उग्र होगा। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कर्मा ने चेतावनी दी कि यदि निगम अधिकारी अपनी कार्यशैली नहीं बदलते और कर्मचारियों को काम पर वापिस नहीं लेते तो दिवाली के त्यौहार को देखते हड़ताल जैसे कठोर कदम उठाने पड़ेंगे। इससे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी और बीमारियों का खतरा बढ़ जाएगा। इसकी जिम्मेदारी नगर निगम के उच्च अधिकारियों और जिला प्रशासन की होगी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर को स्वच्छ रखने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं।

# फसलों की सरकारी खरीद की उठाई मांग

*अनाज मंडी में किया प्रदर्शन, लघु सचिवालय पहुंचकर डीसी को सौंपा ज्ञापन*

- इनेलो पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में शुक्रवार को इनेलो जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए। उन्होंने धान लेकर पहुंचे किसानों से मिलने के बाद फसलों की सरकारी खरीद शुरू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उसके बाद लघु सचिवालय में पहुंचकर उपायुक्त सुशील सारवान को प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा और फसलों की सरकारी खरीद जल्द शुरू कराने की मांग उठाई। इनेलो जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा कि भाजपा राज में किसान खून के आंसू रो रहे हैं। किसानों को धान व बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तक नहीं मिल रहा है। नमी के नाम कटौती करके किसानों के साथ सरेआम धोखा हो रहा है। खेत में बारिश का पानी अब तक खड़ा है। बार-बार मांग करने के बाद भी खेतों से पानी निकासी का कोई प्रबंध नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीएपी खाद के लिए किसान दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं परंतु सरकार का किसानों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं। धान-बाजरा सरकारी खरीद को लेकर किसानों की आवाज बुलंद करने और उनके साथ हो रही लूट के विरोध में इनेलो कार्यकर्ता प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हुए।



अनाज मंडी के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए इनेलो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान पूर्व एसपी अनूप दहिया, प्रदेश सचिव कृष्ण मलिक, भूपेंद्र मलिक, त्यागी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश त्यागी, गोपाल जाजी, प्रदीप दहिया, विकास मलिक, सुरेंद्र सिरसाढ़, मंजीत फोगाट, राजेंद्र मलिक, फूलकुमार चौहान, ताहर सिंह चौहान, महाबीर शर्मा, अनिल डबरपुर, प्रमोद मोदी, राकेश दहिया भी मौजूद रहे।

### 28 नागरिकों ने बटोरा रक्तदान का पुण्य

**गोहाना।** भाजपा मुंडलाना मंडल द्वारा शुक्रवार को गांव शामड़ी में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एक महिला समेत 28 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में महिला समेत चार नागरिकों ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला गोहाना इकाई के महामंत्री महेंद्र चिड़ाना, ओमवीर वत्स और जितेंद्र शर्मा ने शिरकत की। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष इंद्रपाल पंवार ने की। शिविर की विशेष रक्तदाता महिला प्रेमलता रहीं जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया। नियमित रक्तदाताओं में अनिल, बिजेंद्र शर्मा, पवन, परविंद्र और कपिल ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। नकुल, जयपाल और अजय ने पहली बार रक्तदान किया।


गोहाना। रक्तदाताओं को बैज लगाते जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक व अन्य।


सोनीपत। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

### साइंस क्विज में जीवीएम की टीम प्रथम

**सोनीपत।** नेशनल साइंस-डे के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए साइंस क्विज में जीवीएम कन्या महाविद्यालय की टीम अव्वल रही। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्य डा. मंजुला स्पाह ने विजेता टीम को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संयोजक प्राध्यापिका डा. अनीता ने बताया कि एचएससीएसआइटी के संयोजन में भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां के तत्वावधान में नेशनल साइंस-डे के मौके पर साइंस क्विज का आयोजन किया। साइंस क्विज में जीवीएम की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया है, जिनमें बीएससी लाइफ साइंसिज द्वितीय वर्ष की छात्रा बुलबुल, बीएससी नान मेडिकल तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी और बीएससी कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की छात्रा तमन्ना शामिल रही। कालेज लौटने पर प्राचार्य डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं का अभिनंदन किया।

### मार्च निकाल कर शांति का दिया संदेश

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत ने महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सोनीपत के सहयोग से शांति मार्च आयोजित किय। शांति मार्च का शुभारम्भ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने किया। उन्होंने मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्रों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्ण भाग लिया और शांति, अहिंसा व सद्भाव का सन्देश देने वाली बैनर एवं पोस्टर लेकर मार्च में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रचेता सिंह ने सभी प्रतिभागियो को गांधी जयंती का महत्व और शांति मार्च का उद्देश्य समझाया। कार्यक्रम में अश्वनी कुमार, पैनल अधिवक्ता अनिल कुमार व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।


सोनीपत। मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीजेएम प्रचेता सिंह।


सोनीपत। उपस्थित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### अग्रोहा को पर्यटन स्थल का दर्जा दे सरकार : गर्ग

**सोनीपत।** अग्रोहा धाम वैश्य समाज की बैठक राष्ट्रीय प्रवक्ता राहुल गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान राहुल गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में युवक-युवतियों की शादी निशुल्क करवाई जाती है, जिसमें खाने-पीने, ठहरने, बैंड-बाजे और फेरे की व्यवस्था के साथ डेढ़ लाख रुपए का सामान भी दिया जाता है। इसके लिए करोड़ों की लागत से बैंक्विट हॉल बनाया गया है। बताया कि समाज देशभर में मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, स्कूल, धर्मशाला, गौशाला व मंदिर बनाकर सेवा कार्य कर रहा है। देश व प्रदेश में धार्मिक व सामाजिक कार्यों में 62 प्रतिशत खर्च वैश्य समाज करता है और सरकार को सबसे ज्यादा टैक्स भी यही समाज देता है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर 30 करोड़ रुपए से दो संग्रहालय बनाए गए हैं तथा सरकार को अग्रोहा को पर्यटन स्थल का दर्जा देना चाहिए। राहुल गर्ग ने बताया कि 7 अक्टूबर को अग्रोहा धाम में लगने वाला विशाल वार्षिक मेला ऐतिहासिक होगा। संजय सिंगला, विनोद जैन, अनंत अग्रवाल, अनिल गुप्ता, अरविंद मित्तल सहित अन्य मौजूद रहे।

**फैसला** पंचायत के फैसले की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए अच्छा कदम बताया

# पंचायत का निर्णय, किन्नरों को खुशी के मौके पर 1100 रुपये से अधिक राशि नहीं देंगे

- खिजरपुर अहीर माजरा में सरपंच नेहा यादव की अध्यक्षता में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

खिजरपुर अहीर माजरा गांव में ग्रामीणों की बैठक सरपंच नेहा यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सरपंच प्रतिनिधि नरेन्द्र व अधिकत्तर पंचों ने भाग लिया। पिछल्ले दिनों हुए किन्नरों के दो गुटों में हुए बुरी तरह से झगड़े को लेकर निर्णय लिया गया कि गांव में किन्नरों के झगड़े के लेकर ग्रामीणों में रोष है।


गन्नौर। गांव में किन्नरों के झगड़े के दौरान ग्रामीण समझाते हुए।

**दो किन्नरों के गुट में झगड़ा**

पिछल्ले दिनों गांव में दो किन्नरों के गुट में झगड़ा हुआ था और उनके शोर शराबे के कारण ग्रामीणों में रोष है। सरपंच प्रतिनिधि नरेन्द्र ने बताया कि ज्यादा झगड़ा बढ़ता देख दुसरे किन्नर चले गए थे, नही तो झगड़ा बहुत बढ़ जाता। किन्नरों के झगड़े की पंचायत द्वारा लगाए गए सीसीटीवी में पूरा मामला दिखाई दिया और ग्रामीणों ने समझाया

**ये रहे मौजूद**

पंचायत ने ग्रामीणों के साथ निर्णय लिया कि वे किन्नरों को किसी भी खुशी के उपलक्ष्य में अधिकत्तम 1100 रूपयें से अधिक राशि नही देंगे। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति जताते हुए पंचायत द्वारा लिए गए निर्णय की सराहना की। बैठक में रामदिया नम्बरदार, चौकीदार रमेश कुमार, महासिंह नम्बरदार,सुभाष, महासिंह, शमशेर, रघबीर, श्रीकृष्ण, राजकवार, नरेश कुमार, रोहताश, विक्रम सिंह, बलबीर सिंह, टेकराम, सुरेश, मनोज, मुकेश, प्रवीन, रोहित यादव, मुकेश, राजबीर, मंजू आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।


गोहाना। समझौता ज्ञापन साझा करते कुलसचिव प्रो . शिवालिक यादव व कंपनी के निदेशक जितेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

### समझौता व्यवहारिक अनुभव को बढ़ाएगा

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि द्वारा उद्योग जगत से शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक कम्पनी एआरएम बेडेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। विवि की कुलपति प्रो.सुदेश ने कहा कि यह समझौता छात्राओं के व्यवहारिक अनुभव को बढ़ाएगा और उन्हें रोजगारपरक शिक्षा से जोडने में सहायक सिद्ध होगा।

एमओयू पर महिला विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक ने हस्ताक्षर किए। उनके अनुसार एमओयू का उद्देश्य छात्राओं को नवीनतम तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक प्रशिक्षण, एवं उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास के अवसर प्रदान करना है। इस सहयोग के तहत कम्पनी महिला विवि की छात्राओं को रिसर्च, इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट कार्य, कार्यशालाओं एवं औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध करवाएगी।

### आरपीएस के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** यूपीएससी की ओर से घोषित एनडीए की लिखित परीक्षा में आरपीएस समूह की प्रतिभाओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते लोहा मनवाया। आरपीएस के 91 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्था के साथ क्षेत्र, जिले व प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। सभी चयनित विद्यार्थियों को संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव व डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एनडीए की लिखित परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर एसएसबी के लिए क्वालीफाई करने वालों में आर्यन श्योराण, आशीष, दिव्य यादव, हर्ष कुमार, झलक यादव, कनिका यादव, लक्ष्य यादव, मयंक, मयंक कुमार, नेहा, प्रिंस यादव, रजत श्योराण, रितिक, साहिल, यश, आयुश, जतिन, मंदीप कुमार, सारांश यादव, निशु गंडास, साहिल यादव, ईशांत कुमार, जितेन्द्र जादम, सचिन, जतिन, कृष, मनिकेत, मनीष, रिषभ धोरवाल आदि शामिल है।


महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल के सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए कांग्रेस पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### वोट चोरी के खिलाफ चलाया हस्ताक्षर अभियान

**सोनीपत।** जिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा सोनीपत शहर मे हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट एवं जिलाध्यक्ष ईसाक मदार के नेतृत्व में वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर राकेश सौदा एडवोकेट ने चुनाव आयोग और भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वोट चोरी जनता के लोकतान्त्रिक अधिकारों की संगठित लूट है। इस दौरान प्रमुख रूप से महिला जिलाध्यक्ष कृष्णा बुमरा, पूर्व जिला पार्षद नफे अटेरना, केसी बत्रा, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष महावीर सिंह, महासचिव बिमला, जमील फौजी एवं अल्पसंख्यक अध्यक्ष दिलशाद मौजूद रहे।

### जाल व सरिया चोरी करने का तीसरा आरोपित पकड़ा

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस ने दुकान के बाहर रखे लोहे के जाल व सरिया चोरी करने की घटना में तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित जिला जींद के गांव भंभेवा निवासी राजेश उर्फ गोली पुत्र धारा है, गुढ़ा चुंगी के निकट रहने वाले प्रदीप ने चुंगी के निकट वेल्डिंग की दुकान कर रखी है। उसने 29 सितंबर को पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी दुकान के बाहर रखे 1,450 किलोग्राम लोहे के जाल व सरिया को चोरी कर लिया। पुलिस ने इस घटना में पहले दो आरोपितों सोनू व योगेश को गिरफ्तार करके उनसे लोहे के 34 बड़े व 36 छोटे एगंल बरामद किए जा चुके हैं। अब पुलिस ने इस घटना में उपरोक्त तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है।

### साइबर ठगी से बचाव को लेकर किया जागरूक

**गोहाना।** जीआरपी चौकी गोहाना द्वारा शुक्रवार को साइबर ठगी से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में महिलाओं को साइबर ठगी से बचाव के तरीकों से अवगत करवाया गया। चौकी महिला एएसआई पूनम ने कहा कि आज काफी लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। साइबर ठगी से बचाव के लिए जागरूक होना आवश्यक है। साइबर ठग रोजाना ठगी करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठगी से बचने के लिए अज्ञात व्यक्ति से प्राप्त मेल मैसेज को न खोलें, निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें, अनजान लिंक पर क्लिक न करें, नेट बैंकिंग, फेसबुक और इंस्टाग्राम आदि अपने प्रत्येक अकाउंट की यूजर आईडी व पासवर्ड अलग-अलग बनाकर रखें, मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें, अकाउंट पर डबल पासवर्ड का उपयोग करें, अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड को किसी के साथ साझा न करें।

## एक ओवर में मात्र एक रन देकर चार विकेट हासिल किए

# एसजीएफआई क्रिकेट टूर्नामेंट में अमन ने बिखेरा जलवा, स्टेट के लिए क्वालीफाई

दो से पांच अक्टूबर तक राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता होगी कैथल में

*सोनीपत की टीम से अंडर-17 आयुवर्ग में खेलते हुए साउथ प्वाइंट स्कूल के कक्षा नौवीं ट्यूलिप सदन के छात्र अमन ने अपनी गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया। अमन अब राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

साउथ प्वाइंट स्कूल के छात्र अमन ने एसजीएफआइ क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाते हुए विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता सोनीपत के निजी स्कूल में आयोजित की गई थी, जिसमें अमन ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए एक ओवर में मात्र एक रन देकर चार विकेट हासिल किए। उनके इस प्रदर्शन से टीम ने जीत दर्ज की। शानदार खेल के दम पर अमन का चयन राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए किया गया है। साउथ प्वाइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि सोनीपत की टीम से अंडर-17 आयुवर्ग में खेलते हुए साउथ प्वाइंट स्कूल के कक्षा नौवीं ट्यूलिप सदन के छात्र अमन ने अपनी गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया। अमन अब राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता कैथल में दो से पांच अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डा. ममता सचदेवा ने अमन को आगामी प्रतियोगिता के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अमन ने यह साबित किया है कि समर्पण और लगन से हर लक्ष्य संभव है।




सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, सीईओ भावना कालरा व अन्य के साथ अमन। फोटो : हरिभूमि

### लान टेनिस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते पदक



**सोनीपत।** सीबीएसई राष्ट्रीय लान टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल की अंडर-19 आयु वर्ग की महिला खिलाड़ियों ने फाइनल मैच में बेंगलुरु की टीम को 6-2, 6-2 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ एकल मुकाबले में अंडर-19 आयु वर्ग में सिल्वर पदक व अंडर-17 आयु वर्ग में कांस्य पदक जीते। यह प्रतियोगिता 23 से 30 सितंबर तक सोनीपत में आयोजित की गई, जिसमें देश-विदेश से 25 टीमों ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही झज्जर में आयोजित स्कूल स्टेट लान टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के होनहार टेनिस खिलाड़ियों ने अपनी जीत का परचम लहराया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में गत वर्ष की चैंपियन टीम फरीदाबाद को 6-3, 6-3 के स्कोर से हराकर टाइटल पर कब्जा किया। खिलाड़ियों की इस स्वर्णिम जीत का श्रेय अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन को दिया।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### तैराकी में खुशी ने जीते 10 मेडल

**सोनीपत।** मदवि द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय तैराकी प्रतियोगिता में टीका राम गर्ल्स कॉलेज की छात्रा खुशी ने 10 मेडल जीते। कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्रा का कॉलेज प्रांगण पहुंचने पर स्वागत कर बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया की यह प्रतियोगिता 29 सितम्बर से 30 सितंबर तक आयोजित की गयी थी। जिसमें बीएससी स्पोर्ट्स प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने 100 मीटर बटरफ्लाई ओर 450 मीटर फ्री स्टाइल में सिल्वर मेडल, 50मीटर बैकस्ट्रोक, 200मीटर बैकस्ट्रोक, 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, 100 मीटर फ्री स्टाइल में ब्रॉन्ज़ मेडल, 100 मीटर बैकस्ट्रोक, 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 200 मीटर इंडी मेडेली में ब्रॉज मेडल हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. अल्का, सविता ने खिलाडी को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी छात्रा को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने की कामना की।



खरखौदा। खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए प्रताप स्कूल प्रबंधन। फोटो : हरिभूमि

### एशियन पेंचक सिलात चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 4 पदक

*खरखौदा। श्रीनगर, कश्मीर में आयोजित तीसरी जूनियर एशियन पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक सहित कुल 4 पदक जीतकर भारतवर्ष, हरियाणा प्रदेश व प्रताप स्कूल खरखौदा का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के पाँच खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से चार खिलाड़ियों ने पदक जीते और एक खिलाड़ी ने सराहनीय प्रदर्शन किया। दिवस पुत्र दीपेन्द्र अग्रहरी ने (79–83 किग्रा) भार वर्ग में स्वर्ण, हर्षित पुत्र प्रेमचंद ने (71–75 किग्रा) भार वर्ग में व आदित्य पुत्र राजेश सिंह ने (+100 किग्रा) भार वर्ग में रजत, आदित्य पुत्र सुनील कुमार ने (83–87 किग्रा) भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। यूं लक्ष्य दहिया पुत्र सोनू कुमार ने (67–71 किग्रा) भार वर्ग में भागीदारी की।द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, प्रधानाचार्या दया दहिया, मोहित पंवार ने विजेता खिलाड़ियों व कोच जगमेन्द्र पांचाल का फूल-मालाओं व तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अभिनंदन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान वेदप्रकाश दहिया व संस्थापक सतप्रकाश दहिया ने खिलाड़ियों को विशेष बधाई दी।*

### नेशनल जूडो चैंपियनशिप में जीते छह पदक



**सोनीपत।** सीबीएसई नेशनल जूडो चैंपियनशिप में इंडियन स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह पदक जीते। यह प्रतियोगिता राजस्थान के गंगानगर में 28 सितंबर से एक अक्टूबर तक आयोजित की गई। चैंपियनशिप में विभिन्न स्कूलों से करीब 600 जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। इंडियन स्कूल के जूडो खिलाड़ियों ने भाग लेकर तीन स्वर्ण, दो रजत पदक और एक कांस्य पदक पर कब्जा किया। सृष्टि सांगवान ने 57 किलोग्राम में स्वर्ण पदक हासिल कर बेस्ट जूडोकाज के खिताब पर भी कब्जा किया, ईशान से 81 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, अंडर-11 में हर्स्वी ने 25 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, अंश ने 50 किलोग्राम में रजत पदक, अंडर-11 में काव्या ने 35 किलोग्राम में रजत पदक और एलिना ने 50 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। जूडो कोच सतपाल गुलिया ने बताया कि स्कूल के तीन खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ेंगे।

# शिक्षा और संस्कार एक दूसरे के पूरक : स्वाति

- शिक्षा और संस्कारों के समन्वय से होता है व्यक्तित्व का विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गांव बनवासा स्थित दि आर्यन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एमडी डॉ. स्वाति बांगड़ ने कहा कि संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है। शिक्षा के साथ संस्कारों के समन्वय से ही विद्यार्थी का सम्पूर्ण विकास संभव है। जीवन में आगे बढने के लिए जितनी शिक्षा जरूरी है उतने ही संस्कार भी आवश्यक हैं। इसलिए विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के साथ अच्छे संस्कार भी ग्रहण करें।

डॉ. स्वाति बांगड़ ने कहा कि घर संस्कारों की प्राथमिक पाठशाला होती है। कोई भी बच्चा घर में माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्यों की कार्यशैली को देखकर सीखने की चेष्टा करता है। ऐसे में माता-पिता अपने बच्चों की शिक्षा के साथ उनको अच्छे संस्कार भी दें। संस्कारपूरित शिक्षा एक बच्चे को बेहतर इंसान बनाने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार एक दूसरे के पूरक हैं और परिवार, समाज व राष्ट्र के विकास के लिए दोनों ही जरूरी हैं। शिक्षा से जहां ज्ञान में वृद्धि होती है वहीं संस्कारों से इंसान की पहचान होती है और उसे अच्छे व बुरे की पहचान होती है।

# घसौली में विधायक ने कूड़ा उठाने के लिए नया ट्रैक्टर-ट्रॉली सौंपा

- तालाब, चौपाल निर्माण का शिलान्यास
- गांवों को स्वच्छ, सशक्त और सुविधायुक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान ने गांव घसौली में करीब 44 लाख रुपये की लागत वाली तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। विधायक ने ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 5 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली ग्रामीणों को समर्पित की। ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग गांव की साफ-सफाई, कूड़ा प्रबंधन और अन्य सार्वजनिक कार्यों में किया जाएगा। इसके बाद विधायक कादियान ने 18 लाख रुपये की लागत से बनने वाली प्रजापति समाज की नई चौपाल और लगभग 21 लाख रुपये की लागत से गांव के तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य का नारियल तोड़कर शिलान्यास किया। तालाब के किनारों पर पगडंडियां, पेड़-पौधे लगाने के साथ बैठने की व्यवस्था की जाएगी। ताकि ग्रामीणों को सुबह-शाम सैर के लिए एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिल सके। इससे पहले गांव में पहुंचने पर सरपंच महेश त्यागी ने ग्रामीणों के साथ विधायक का फूलमाला से स्वागत भी किया।



गन्नौर। घसौली गांव में विधायक देवेन्द्र कादियान ग्रामीणों को कूड़ा डालने के लिए ट्रैक्टी– ट्राली समर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

विधायक कादियान ने कहा कि गांवों को स्वच्छ, सशक्त और सुविधायुक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है। घसौली गांव में ट्रैक्टर-ट्रॉली, चौपाल और तालाब सौंदर्यीकरण जैसे कार्य केवल निर्माण नहीं है, ये गांव को आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाने की दिशा में ठोस कदम है। सरपंच महेश त्यागी ने कहा कि गांव के विकास में विधायक का निरंतर सहयोग सराहनीय है। ग्रामीणों को जिन सुविधाओं की जरूरत लंबे समय से थी, वे अब साकार होती दिख रही है। इस अवसर पर अनिल, जयभगवान, हैप्पी त्यागी, हरिओम, सोहन, कृष्ण, डा. सोमपाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# बस अड्डे के पास खाद की दुकानों पर जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- जमीदार बीज भंडार से खाद के तीन सैंपल लिए

जिले में किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग की टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई की। टीम ने बस अड्डा के पास स्थित जमीदार बीज भंडार से खाद के तीन सैंपल लिए। जांच के दौरान विभागीय अधिकारियों ने दुकानदार से स्टाक रजिस्टर और बिलों की भी पड़ताल की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि खाद की गुणवत्ता को लेकर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि लिए गए सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद यदि खाद में किसी भी तरह की मिलावट या मानक से कम गुणवत्ता पाई गई तो दुकान संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अधिकृत विक्रेताओं से ही खरीदें खाद

जिला कृषि उप निदेशक (डीडीए) डॉ. पवन शर्मा ने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित खाद उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डॉ. शर्मा ने किसानों से अपील की कि वे खाद हमेशा अधिकृत विक्रेताओं से ही खरीदें और खरीदते समय बिल अवश्य लें। उन्होंने कहा कि बिल लेने से किसान को यह आश्वासन मिलता है कि यदि खाद की गुणवत्ता में कोई कमी पाई जाती है तो विभाग संबंधित दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है।

### अलग-अलग थानाओं से चार लोग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, पुलिस जांच में जुटी

**सोनीपत।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चार लोगों के संदिग्ध हालात में लापता होने की घटनाएं सामने आई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ बंधक बनाने के आरोप में मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बहालगढ़ थाना क्षेत्र के चौहान जोशी गांव से 15 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गया। परिजनों ने आशंका जताई है कि अज्ञात लोग किशोर को बहला-फुसलाकर ले गए है। इसी तरह मुरथल थाना क्षेत्र के गांव धतूरी से 19 वर्षीय युवती अचानक गायब हो गई। परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में अज्ञात पर बंधक बनाने का आरोप लगाया है। वहीं, गांव मेहंदीपुर से 41 वर्षीय व्यक्ति संदिग्ध हालात में लापता हो गया है। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दूसरी ओर राई थाना क्षेत्र के गांव टांडा से 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। परिवार ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराते हुए मामले में शक जताया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी मामलों में मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं और गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई है। परिजनों से पूछताछ के साथ-साथ मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी पहलुओं की भी जांच की जा रही है। फिलहाल चारों मामलों की छानबीन जारी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**सुविधा** — गन्नौर का बस अड्डा होगा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैसः विधायक

# गन्नौर को मिलेगा नया बस स्टैंड, तीन दशक पुराना ढांचा हुआ ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहा गन्नौर का रोडवेज बस अड्डा अब नए रूप में नजर आएगा। करीब 36 साल पुराना और जर्जर हो चुका बस स्टैंड का ढांचा पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। स्थानीय विधायक देवेंद्र कादियान के प्रयासों से अब इस जगह पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नया परिसर तैयार करने की योजना अंतिम चरण में है। शुक्रवार को बस स्टैंड का निरीक्षण करते हुए विधायक कादियान ने बताया कि तत्कालीन परिवहन मंत्री स्व. वेद सिंह मलिक के कार्यकाल में बना यह अड्डा बनाया गया था। उस समय गन्नौर की आवश्यकताएं सीमित थी, लेकिन आज यात्रियों की संख्या, बसों की फ्रीक्वेंसी और सुविधाओं की मांग कई गुना बढ़ चुकी है। कादियान ने बताया कि अब नई योजना के तहत बस अड्डे में एक साथ कई बसें खड़ी हो सकेंगी। परिसर में दो मुख्य द्वार होंगे, जिससे यातायात का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा।




गन्नौर। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस बनने वाले नए बस अड्डा भवन निर्माण को लेकर निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बस स्टैंड में यात्रियों के लिए वातानुकूलित प्रतीक्षालय, शुद्ध पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय, रेस्टोरेंट, महिलाओं के लिए अलग से वेटिंग हॉल और ड्राइवरों के लिए विश्राम कक्ष की व्यवस्था की जाएगी। पहली मंजिल पर रोडवेज प्रशासन के लिए कार्यालय बनाए जाएंगे। वहीं, जीटी रोड पर सर्विस लेन से सटी भूमि पर दुकान बनाकर उन्हें किराए पर देने की योजना है, जिससे विभाग को आय का नया स्त्रोत मिलेगा।

विधायक कादियान ने यह भी बताया कि गन्नौर में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी 2026 तक शुरू हो जाएगी। ऐसे में नया बस अड्डा इस मंडी के लिए अहम भूमिका निभाएगा। यहां से लंबी दूरी की अंतरराज्यीय बसों का संचालन भी किया जाएगा।

### ड्राइंग मिलते ही मुख्यालय भेजेंगे प्रस्तावः एसडीओ

पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ अनिल चहल ने बताया क करीब 2.04 एकड़ में बस स्टैंड का नया डिजाइन तैयार किया जा रहा है। ड्राइंग बनते ही फाइल को अप्रवूल के लिए मुख्यालय भेजा जाएगा। विधायक के सक्रिय सहयोग से यह प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।

### झूठा केस रद्द करने की मांग

# पुलिस कमीशनर दफ्तर पहुंचे खेवड़ा के ग्रामीण



राई। पुलिस कमिशनर कार्यालय में चाचा–भतीजे के खिलाफ एएफआईआर रद कराने के लिए भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

> शिकायत में आरोप, सरंपच के कामों की जांच की शिकायत की तो झूठा मामला दर्ज करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

शुक्रवार को खेवड़ा गांव के ग्रामीण व परिजन काफी संख्या में पुलिस कमीशनर कार्यालय में पहुंचे और गांव के चाचा- भतीजे के खिलाफ गांव के सरपंच द्वारा करवाए गए दर्ज मामले को झूठा आरोप बताते हुए कैंसिल कराने की मांग की। जिसका गांव के लोगों ने समर्थन किया।

कमिशनर कार्यालय में दी शिकायत में जयपाल ने बताया कि उनके बेटे व भतीजे के खिलाफ मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और अगर वे दोषी है तो उनकी खिलाफ कार्रवाई हो अगर सरपंच दोषी है तो सरंपच के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। शिकायत में बताया कि उनके खिलाफ मामला दर्ज कराने का कारण है कि वे पंचायत द्वारा करवाए गए कामों की जांच की मांग कर रहे थे और गांव की 20 एकड़ जमीन को बेचने के मामले का उनके बेटे व भतीजे ने भी विरोध किया था। उसी कर रंजिश में ये मामला दर्ज है। शिकायत में आरोप है कि सरपंच का भाई गृह जिले में 10 साल से पुलिस विभाग में कार्यरत है। जो कानूनी तौर पर गलत है। उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराने में उनका पूरा सहयोग है। कमिशर से उन्होंने तबादला कराने की मांग की। इसके अलावा गांव के एक व्यक्ति ने उनके खिलाफ सीएम वींडो पर भी शिकायत दी थी। उसकी भी कही सुनवाई नही हो रही है।

### सरंपच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का ब्यौरा दिया

शिकायत के दौरान बताया गया कि खेवड़ा गांव के सरपंच के खिलाफ गत 17 अगस्त को अविश्वास प्रस्ताव भी पास हो चुका है। 20 पंचों में से 17 पंचों ने हस्ताक्षर किए है। इसी मामले में सरपंच ने कोई भी प्रतिक्रिया देने से मना कर दिया था। पंचों ने सरकार से मांग की थी कि सरकारी अधिकारी उनके गांव में काम करवाएं।